विक्टोरिया में स्थित कार्यस्थलों के लिए उच्च खतरा कोविडसेफ योजना

High Risk COVIDSafe Plan for Victorian Workplaces - Hindi

विक्टोरिया में स्थित उच्च खतरे वाले सभी कार्यस्थलों को अपने स्थलों को सुरक्षित बनाने और कर्मियों को कोरोनावायरस (COVID-19) के फैलाव के खतरे से बचाने के लिए एक उच्च खतरा कोविडसेफ योजना [High Risk COVIDSafe Plan] का विकास करना चाहिए।

यदि आप किसी व्यवसाय के लिए निर्माण या भंडारण और वितरण के क्षेत्र में काम करते/करती हैं, तो आपको मेट्रोपॉलिटन मेलबर्न में एक उच्च खतरे वाला उद्योग माना जाता है। इसमें सुपरमार्केट या चिकित्सीय और दवाई आपूर्तियाँ भी शामिल है।

यदि आपका व्यवसाय एक पशुवध केंद्र या मांस-प्रसंस्करण सुविधा है, तो मेट्रोपॉलिटन मेलबर्न और विक्टोरिया के ग्रामीण इलाकों, इन दोनों क्षेत्रों में आपको एक उच्च खतरे वाला उद्योग माना जाता है। इसमें समुद्री भोजन और मुर्गी प्रसंस्करण भी शामिल हैं।

यह आपके कार्य-नियोक्ता की जिम्मेदारी है कि वह एक उच्च खतरा कोविडसेफ योजना [High Risk COVIDSafe Plan] विकसित करे और इस तरह से आपको योजना के बारे में समझाए ताकि आप इसे समझ सकें।

उच्च खतरा कोविडसेफ योजना [High Risk COVIDSafe Plan] आपको, आपके परिवार को, हमारे समुदाय को और आपके साथ काम करने वाले लोगों को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई है।

उच्च खतरा कोविडसेफ योजना [High Risk COVIDSafe Plan] के तहत:

- यदि आपको विशेष अपवाद प्राप्त न हो, तो आपको केवल एक ही कार्यस्थल पर काम करना चाहिए। निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले कुछ कर्मी प्रत्येक सप्ताह अधिकतम तीन स्थलों में जा सकते/सकती हैं।
- आपको मास्क और फेस शील्ड जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का सुरक्षित रूप से उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए
- आपको कार्यस्थल में सही तरीके से शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए
- आपके कार्यस्थल में किसी कर्मी की कोरोनावायरस (COVID-19) के लिए पुष्टि की जाने की स्थिति में प्रबंधन करने की योजना होनी चाहिए
- कार्य आरंभ करने से पहले आपसे पूछा जाना चाहिए कि क्या आपके शरीर में कोरोनावायरस के कोई लक्षण हैं
- आपके कार्य-नियोक्ता को साझा किए जाने वाले सभी स्थानों को नियमित रूप से साफ करना चाहिए

यदि आप कार्यस्थल में स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, तो आप वर्कसेफ सलाहकार सेवा [WorkSafe Advisory Service] से 1800 136 089 पर या वेबसाइट http://worksafe.vic.gov.au/form/contact के माध्यम से संपर्क कर सकते/सकती हैं।

अन्य जानकारी

अनुमत कार्यकर्ता परमिट [Permitted Worker Permit]

मेट्रोपॉलिटन मेलबर्न में चरण 4 के प्रतिबंधों के तहत यदि आपको अभी भी अपनी नौकरी के लिए अपने कार्यस्थल पर जाने की आवश्यकता है, तो आपके पास एक अनुमत कार्यकर्ता परमिट [Permitted Worker Permit] होना चाहिए। आपके लिए कार्यकर्ता परमिट की व्यवस्था करना आपके कार्य-नियोक्ता की जिम्मेदारी है। और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.dhhs.vic.gov.au/permitted-worker-scheme-covid-19 पर जाएँ।

$450 का कोरोनावायरस (COVID-19) जाँच एकाँतवास भुगतान [Test Isolation Payment]

यदि कोरोनावायरस (COVID-19) के लिए आपकी जाँच की गई है, तो आपको घर पर स्व-एकाँतवास करना चाहिए। यदि आप ऐसे/ऐसी कर्मी हैं जो स्व-एकाँतवास कर रहा/रही है या आप घर पर स्व-एकाँतवास करने वाले किसी व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं, तो आपको

VICTORIA State Government | Health and Human Services

संभावित रूप से $450 का एकबारगी भुगतान मिल सकता है। यह भुगतान प्राप्त करने के लिए आपके लिए ऑस्ट्रेलियाई नागरिक या स्थायी निवासी होना आवश्यक नहीं है। और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.dhhs.vic.gov.au/employee-isolation-payment-covid-19 पर जाएँ।

$1500 का कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी अवकाश आपदा भुगतान [Pandemic Leave Disaster Payment]

यदि आपके लिए कोरोनोवायरस (COVID-19) की पुष्टि की जाती है, तो आपको घर पर स्व-एकाँतवास करना चाहिए। यदि आप एक ऐसे/ऐसी कर्मी हैं जिसके पास घर पर स्व-एकाँतवास करने के लिए वेतनीय अवकाश उपलब्ध नहीं है, तो आपको संभावित रूप से $1500 का एकबारगी भुगतान मिल सकता है। यह भुगतान प्राप्त करने के लिए आपके लिए ऑस्ट्रेलियाई नागरिक या स्थायी निवासी होना आवश्यक नहीं है। और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.servicesaustralia.gov.au/individuals/news/pandemic-leave-disaster-payment-victoria पर जाएँ।

To find out more information about coronavirus and how to stay safe visit DHHS.vic – coronavirus disease (COVID-19) <https://www.dhhs.vic.gov.au/coronavirus>

If you need an interpreter, call TIS National on 131 450

For information in other languages, scan the QR code or visit DHHS.vic –Translated resources - coronavirus (COVID-19) <https://www.dhhs.vic.gov.au/translated-resources-coronavirus-disease-covid-19>

For any questions

Coronavirus hotline 1800 675 398 (24 hours)

Please keep Triple Zero (000) for emergencies only

To receive this document in another format phone 1300 651 160 using the National Relay Service 13 36 77 if required, or email Emergency Management Communications <em.comms@dhhs.vic.gov.au>.

Authorised and published by the Victorian Government, 1 Treasury Place, Melbourne.

© State of Victoria, Australia, Department of Health and Human Services, 12 August 2020.
Available at DHHS.vic –Translated resources - coronavirus (COVID-19) **https://www.dhhs.vic.gov.au/translated-resources-coronavirus-disease-covid-19**